an>

Title: Need to construct a dam to protect villages falling under Ismailpur Block in Bhagalpur Parliamentary Constituency, Bihar from annual floods.

श्री शैलेश कुमार (भागलपुर)ः प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना के अंतर्गत मैंने अपने संसदीय क्षेत्र भागलपुर के इस्माइलपुर प्रखण्ड के इस्माइलपुर पश्चिम भिट्ठा पंचायत के इस्माइलपुर गाँव का चयन किया है। इस्माइलपुर प्रखण्ड के सैंकड़ों गाँव गंगा नदी की बाढ़ से जलमग्न हो जाते हैं। बाढ़ तथा जलमग्न होने की स्थिति में सामान्य जीवन पर इसका सीधा प्रभाव पड़ता है। जल जमाव तथा बाढ़ से प्रतिवर्ष किसानों की फसलों सहित जान-माल को बड़े पैमाने पर नुकसान पहुँचता है। इस क्षेत्र में जल जमाव से सड़क क्षतिग्रस्त हो जाने से सामान्य आवागमन करने में काफी कठिनाई होती है तथा प्रतिवर्ष करोड़ों रूपये के राजस्व की हानि होती है। इस्माइलपुर प्रखण्ड के सैंकड़ों गाँवों के निवासियों को हर साल इस संकट से गुजरना पड़ता है।

इस्माइलपुर प्रखण्ड के इस्माइलपुर पश्चिम भिट्ठा पंचायत के इस्माइलपुर गाँव को आदर्श ग्राम के रूप में विकसित किये जाने के लिए इस क्षेत्र को गंगा नदी की बाढ़ तथा इसके उपरांत जल जमाव से सुरक्षित किये जाने के लिये उच्च स्तर से इस्माइलपुर तक बाँध का निर्माण कराये जाने की अत्यंत आवश्यकता है।

अतः भारत सरकार के जल संसाधन विभाग से मेरी मांग है कि मेरे द्वारा "प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना" के अंतर्गत चयनित भागलपुर जिले के इस्माइलपुर प्रखण्ड के अंतर्गत इस्माइलपुर पश्चिम भिट्ठा पंचायत के इस्माइलपुर गाँव को गंगा नदी की बाढ़ से सुरक्षित किये जाने हेतु बाँध का निर्माण कराये जाने के लिए बिहार राज्य सरकार से प्रस्ताव मंगाकर स्वीकृति देते हुए यथाशीघ्र धन उपलब्ध कराने के निर्देश जारी करने का कष्ट करने की कृपा करें।